संख्या:481/2016/6707जेएल/22-3-16-100(93)/2015

प्रेषक,

हरि नारायण गिरि,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 15 दिसम्बर, 2016***

विषय: जिला कारागार, सुलतानपुर में निरूद्ध 05 विचाराधीन बंदियो को प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागार में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-44185/सामा-1(3)/17 भाग-2/नैनी परिक्षेत्र/2011, दिनांक 15-12-2016 एवं जिला मजिस्ट्रेट, सुलतानपुर के पत्र संख्या-947/जे0ए0, दिनांक 08-11-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-319/2015/3282जेएल/22-3-15-100(93)/2015, दिनांक 27-11-2015 द्वारा जिला कारागार, जौनपुर में निरूद्ध विचाराधीन बंदी जितेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र श्री सत्य नारायण सिंह को जिला कारागार, सहारनपुर स्थानान्तरित किया गया था। उपरोक्त पत्रों में किये गये प्रस्ताव/संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त उक्त स्थानान्तरण आदेश दिनांक 27-11-2015 निरस्त करते हुए उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार जिला कारागार, सुलतानपुर में निरूद्ध निम्नलिखित 05 (पॉच) विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर उनके नाम के सम्मुख कालम-4 में अंकित कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति **इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि बंदियों को स्थानान्तरित किये जाने से पूर्व विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-1735-1739/2012-महाराष्ट्र राज्य बनाम सईद सुहैल शेख व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार समस्त मा0 विचारण न्यायालयों की पूर्वानुमति अधीक्षक, जिला कारागार, सुलतानपुर द्वारा अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी** :-

क्र.स.	विचाराधीन बंदी का नाम/पिता का नाम	निरूद्धी की वर्तमान कारागार	कारागार का नाम जहॉ स्थानान्तरित किया जाना है।
1	2	3	4
1	जितेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र श्री सत्य नारायण सिंह	जि0का0 सुलतानपुर	जि0का0 बिजनौर
2	शारदा प्रसाद सिंह पुत्र श्री सत्य नारायण सिंह	जि0का0 सुलतानपुर	जि0का0 ललितपुर
3	मुलायम यादव उर्फ लाला पुत्र श्री राम सागर	जि0का0 सुलतानपुर	जि0का0 देवरिया
4	राम सिंह यादव पुत्र श्री गयाराम यादव	जि0का0 सुलतानपुर	जि0का0 महराजगंज
5	राम सागर पुत्र श्री कालीदीन	जि0का0 सुलतानपुर	जि0का0 मथुरा

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(हरि नारायण गिरि)
अनु सचिव।

संख्या:481/2016/6707जेएल(1)/22-3-16-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, उ0प्र0, पुलिस मुख्यालय, लखनऊ।
2. जिला मजिस्ट्रेट, सुलतानपुर/बिजनौर/ललितपुर/देवरिया/महराजगंज/मथुरा।
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा/पुलिस अधीक्षक, सुलतानपुर/बिजनौर/ललितपुर/देवरिया/महराजगंज।
4. अधीक्षक, जिला कारागार, सुलतानपुर/बिजनौर/ललितपुर/देवरिया/महराजगंज/मथुरा।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरि नारायण गिरि)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in